आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



# राज्य में बंदी की कगार पर लकड़ी और टिंबर उद्योग

आजाद सिपाही संवाददाता

**5 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी के बंधेज से नहीं मिली छूट**

**रांची।** राज्य में लकड़ी आधारित उद्योगों के सामने विकट स्थिति आ गयी है। काष्ठ व्यापारियों की मानें तो काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना और विनियमन के लिए सरकार द्वारा गठित राज्यस्तरीय समिति की प्रधान मुख्य वन संरक्षक और एचओएफएफ की अध्यक्षता में 25 नवंबर 2021 को बैठक हुई। बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन अभी तक नहीं किया गया है। जबकि बैठक को एक साल बीत गया है। व्यापारियों ने बताया कि राज्य में दिनांक 1996 के पहले से स्थापित वैध आरा मिलों, काष्ठ आधारित को अधिसूचित वन सीमा से 5 किलो मीटर की न्यूनतम दूरी के बंधेज से छूट दिये जाने का निर्णय उक्त बैठक में लिया गया। यह भी कहा गया था कि इसकी स्वीकृति और इस संदर्भ में आदेश, अधिसूचना राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को भेजे अनुशंसा के आधार पर लिया जायेगा। व्यापारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि अब तक राज्य सरकार द्वारा इसकी अनुशंसा नहीं भेजी गयी है। जिस कारण प्रदेश में आरा मिलों का व्यापार बंद पड़ा है। चैंबर ऑफ कॉर्मस के काष्ठ उद्योग उप समिति से जानकारी मिली है कि इस संबध में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी थी। जिसके बाद 2017 में झारखंड सरकार की ओर से राज्यस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति का कार्य झारखंड में अवस्थित आरा मिल और काष्ठ आधारित उद्योगों की समस्याओं और जनहित को देखते हुए निर्णय लेना है। इस संबध में सर्वोच्च न्यायालय के 2018 में दायर याचिका में झारखंड सरकार को आदेश दिया गया है कि झारखंड में पूर्व से स्थापित आरा मिल जो वन सीमा से 5 किलोमीटर की दूरी के अंदर हैं। उससे बंधेज कर कम सकते हैं। इस निर्णय की अनुशंसा राज्य सरकार को भारत सरकार को भेजा जाना है। अगर राज्य सरकार अब भी इस संबध में निर्णय नहीं लेती है तो काष्ठ उद्योगों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

**लापरवाही : होटल रेडिशन ब्लू में केंद्रीय गृह मंत्री ठहरे हुए थे**

# होटल रेडिशन ब्लू के समीप हुई चाकूबाजी, आरोपित गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होटल रेडिसन ब्लू के पास शनिवार को चाकूबाजी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित विनोद तिर्की को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि घायल अवध दास को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में होटल के समीप दो लोगों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। मारपीट के दौरान विनोद तिर्की ने अवध दास पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद आरोपित कडरू की ओर जाने वाली झाड़ियों में छुप गया। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया और फिर आरोपित को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी वेंक्टेश कुमार ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रथम दृष्ट्या आरोपित विक्षिप्त प्रतीत होता है। वहीं दूसरी ओर होटल रेडिशन ब्लू में केंद्रीय गृह मंत्री ठहरे हुए थे। होटल के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। बावजूद इसके चाकूबाजी की घटना को लेकर रांची पुलिस में हड़कंप मच गया। मामले को लेकर पूछने पर कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हो रहा था। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री के होटल में ठहरे होने की वजह से होटल के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे।

## लालपुर में चाकूबाजी, दो युवक घायल

रांची। शुक्रवार की शाम सर्कुलर रोड स्थित सैमसंग प्लाजा के सामने सिद्धराज पाल नाम के एक युवक ने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में दो युवकों आयुश सिंह और शशांक कुमार जख्मी हो गए। घटना के बाद घायल युवकों को उनके मित्रों ने सदर अस्पताल पहुंचाया जहा दोने का इलाज किया गया। वहीं घटना को लेकर पिड़ित युवक आयुश सिंह ने लालपुर थाने में प्राथमिकि दर्ज कराई है। दर्ज एफाईआर में कहा गया है कि मैं आयुश सिंह उम्र 26 साल पिता रामधर सिंह बुंडु का निवासी हूं। शुक्रवार को शाम करीब 8 बजे अपने मित्रों के साथ सर्कुलर रोड स्थित सैमसंग प्लाजा के सामने गाड़ी लगाकर आपस में बातचीत कररहे थे। तभी वहां सिद्धराज पाल नाम का एक युवक पहुंचा और किसी बात को लेकर हमारे बीच कहा सुनी हो गयी। जिसके बाद सिद्धराज ने चाकू से मुझापर और मेंरे मित्र शशंक पर हमला कर दिया। जिससे मैं और मेरा मित्र गंभीर रूप से घायल हो गए। चाकूबाजी की यह घटना आपसी विवाद को लेकर होने की आशंका जताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। वहीं चाकूबाजी कर युवक मौके से फरार हो गया।

# हेमेंद्र प्रताप देहाती का निधन अपूरणीय क्षति: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य के पूर्व मंत्री, जुझारू एवं संघर्षशील नेता हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि हेमेंद्र प्रताप देहाती एक जुझारू और संघर्षशील नेता थे। गरीब-गुरबा के लिए लंबी लड़ाई लड़ने वाला योद्धा हम सबों को छोड़ कर चले गये।श्री प्रकाश ने देहाती जी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा, दुख की इस घड़ी में ईश्वर परिजनों को धैर्य-साहस प्रदान करें।

# लोकप्रिय नेता हेमेंद्र प्रताप देहाती का निधन दुखद : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता विधायक दल व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरंडी ने कहा कि पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती के संघर्ष को राज्य की जनता सदा याद रखेगी। वे अपने जीवन काल में संघर्ष के लिए जाने जाते रहे हैं। वे राज परिवार में जन्म लेकर भी अंत्योदय के लिए संघर्ष किये, गरीब-गुरबों की आवाज बने। श्री मरांडी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, सहित अन्य शामिल हैं।

## रघुवर दास ने शोक जताया

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि भवनाथपुर के लोकप्रिय विधायक भानु प्रताप शाही के पिता और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप शाही के निधन की दुखद सूचना मिली। वे सदैव जरुरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। ईश्वर पुण्यात्मा को शांति और उनके परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें।

# कोर्ट फीस में वृद्धि के खिलाफ अधिवक्ताओं का पैदल मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कोर्ट फीस में हुई वृद्धि को वापस लेने सहित अन्य मांग को लेकर रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शनिवार को भी कार्य बहिष्कार किया। स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर झारखंड हाइकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट के वकीलों ने खुद को न्यायिक कार्यों से दूर रखा। इसका असर न्यायिक कार्यों के निष्पादन पर साफ देखने को मिल रहा है।

रांची सिविल कोर्ट के वकीलों ने कोर्ट परिसर से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक पर शांतिपूर्ण मार्च निकाल कर सरकार से कोर्ट फीस में उचित संशोधन करने की मांग की। रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही के नेतृत्व में वकीलों ने पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान सरकार के इस निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। मार्च में रांची जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अन्य वकील शामिल थे। अल्बर्ट एक्का पहुंचकर वकीलों का यह प्रदर्शन खत्म हुआ। मौके पर संजय विद्रोही ने कहा कि सरकार से हम मांग करते हैं कि कोर्ट फीस में हुई वृद्धि को सरकार वापस ले।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल नामकुम में प्रवेश परीक्षा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल नामकुम रांची में शनिवार को प्रथम प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में बच्चों से अलग-अलग विषयों पर परीक्षा हुई जिसमें स्वच्छता, स्पीच, हियरिंग, फॉलोइंग इंस्ट्रक्शन, ऑब्जर्वेशन, क्रिएटिविटी जैसे अन्य विषयों सहित पाठ्य विषयों पर भी प्रश्न पूछे गए साथ ही कोविड नियम के पालन भी किया गया।



# अमित शाह से आजसू प्रमुख ने राज्य के राजनीतिक हालात पर की चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से होटल रेडिसन ब्लू में आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने शनिवार को मुलाकात की। दोनों की मुलाकात औपचारिक मुलाकात बतायी जा रही है। दोनों के बीच राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और लोकसभा चुनाव 2024 में राजग की रणनीति पर चर्चा हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में आजसू सुप्रीमो ने कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का कब्जा होगा। सिर्फ भाजपा ही पूरी सीटें नहीं जीतेंगी, बल्कि राजग गठबंधन को पूर्ण बहुमत झारखंड में मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजग के साथ आजसू पार्टी रहेगी। महतो ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ राज्य के युवाओं में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाहका भाजपा नेताओं ने गुलाब का फूल देकर किया स्वागत।

# 11 जनवरी को हॉकी वर्ल्ड कप का होगा आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एफआइएच पुरुष विश्व कप 2023 का आगाज 11 जनवरी को ओड़िशा के कटक में होगा। कार्यक्रम का आयोजन कटक के बाराबती स्टेडियम में किया जायेगा। इस समारोह में बॉलीवुड से लेकर विदेश के कई कलाकार शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए रणवीर सिंह, दिशा पटानी, प्रीतम, गुरु अरुणा मोहंती, के-पॉप ग्रुप ब्लैकस्वान समेत कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। बता दें कि ओड़िशा में 13 जनवरी से हॉकी विश्वकप शुरू होगा। विश्वकप का फाइनल मुकाबला 29 जनवरी को खेला जायेगा। इस हॉकी विश्वकप में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 4 पूलों में बांटा गया है। विश्व कप के दौरान कुल 44 मैच खेल जायेंगे। विश्व कप के लिए भारतीय हॉकी टीम में पीआर श्रीजेश, कृष्णा पाठक, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरुण कुमार, अमित रोहिदास (उपकप्तान), नीलम संजीप, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और जुगराज सिंह शामिल हैं।

# हवा सुधारने में खर्च किये जायेंगे 260 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची नगर निगम को मिला 25 करोड़ रुपये**

**रांची।** रांची की एयर क्वालिटी सुधारने के लिए 25 करोड़ रुपय रांची नगर निगम को आवंटित किया गया है। इस संबंध में नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे के हस्ताक्षर से आवंटन आदेश जारी किया गया है। 15वें वित्त आयोग के अधीन इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य के तीन मिलियन प्लस सिटी रांची, धनबाद, मेदिनीनगर व जमशेदपुर को राशि दी जाती है। भारत सरकार ने इस वित्तीय वर्ष टाइड फंड से एयर क्विालटी सुधारने के लिए 261 करोड़ का बजटीय उपबंध किया है। इसी आलोक में राज्य अंतर्गत रांची को 25 करोड़ दिये गये हैं। बता दें कि शहरी निकाय क्षेत्र में एंबियंट एयर क्वालिटी सुधार के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य के मिलियन प्लस सिटिज के लिए 60.50 लाख रुपये विमुक्त किया गया था। इस राशि से शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण कम करने के लिए योजनाएं ली जा रही हैं। स्वर्णरेखा नदी से प्रदूषण हटाने का काम भी किया जा रहा है। बता दें कि प्रदूषण बोर्ड के सूचकांक में जमशेदपुर सबसे प्रदूषित शहर था, वहां की हवा रांची से भी खराब है। भारत सरकार ने इसके बाद राज्य सरकार को प्रॉपर एक्शन प्लान तैयार करके काम करने को कहा है। वायु प्रदूषण के सभी मानक चिह्नित कर काम करने का निर्देश दिया है। एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग का दायार बढ़ाने, उद्योग, वाहन, सड़क के धूल-कण, निर्माण गतिविधि, घरेलू फ्यूल, डीजी सेट से निकलने वाले प्रदूषण का अध्ययन कर लंबे समय का प्लान तैयार करने को कहा है। राज्य सरकार के इसी के तहत कार्ययोजना तैयार करे हवा को शुद्ध करने की दिशा में अब कार्य करेगी।

# जेइ अभ्यर्थियों ने राजभवन के सामने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी नियोजन नीति बनाकर बहाली करने की मांग**

**रांची।** जूनियर इंजीनियर के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने शनिवार को राजभवन गेट के सामने प्रदर्शन किया। ये लोग झारखंड हाइकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए जल्द से जल्द नयी नियोजन नीति बनाकर बहाली करने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट के फैसले के बाद जेएसएससी द्वारा ली जाने वाली सभी परीक्षाएं रद्द हो गयी हैं।

उनका कहना था कि जेइ की परीक्षा में किसी प्रकार का कोई संशोधन न करें। इसे रद्द कर नये सिरे से परीक्षा ली जाये। अभ्यर्थियों का कहना था कि सरकार या जेएसएससी किसी प्रकार का संशोधन कर जेइ की परीक्षा लेती है तो मामला फिर कोर्ट में चला जायेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे देवेंद्र महतो ने कहा कि जेएसएससी जल्द से जल्द जेइ परीक्षा रद्द करने का नोटिफिकेशन जारी करे। इसके साथ ही राज्य सरकार जिलों का सर्वे कराकर नयी नियोजन नीति बनाये, ताकि यहां के विद्यार्थियों को सभी परीक्षाओं में शामिल होने का मौका मिलता रहे।

पंकज कुमार ने कहा कि जेइ की परीक्षा जुलाई और नवंबर 2022 में हुई थी। लेकिन अभी तक रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया गया है। हाइकोर्ट के आदेश के बाद झारखंड में होनेवाली सभी परीक्षाएं रद्द हुई हैं, लेकिन जेइ के रिजल्ट को पेंडिंग रखा गया है। मौके पर मिथिलेश कुमार महतो, संतोष महतो, तपेश्वर यादव, चंद्रिका महतो, देवेंद्र महतो, प्रदीप मरांडी, अभिषेक कुमार, कृष्णा कुमार शामिल थे।

**अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह एवं शेख भिखारी का शहादत दिवस आज**

# चुटुपालु घाटी से हुआ क्रांति का प्रथम शंखनाद

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** देश की आजादी की लड़ाई में झारखंड भूमि भी रक्त से लाल हुई थी। देश की इस पवित्र धरा की कोख से अनेक वीर सपूतों ने जन्म लिया था। ये अनगिनत वीर सपूत अपने प्राणों की बलिदान दिये थे एवं मां भारती की मुक्ति हेतु हंसते हसंते फांसी की फंदों में झूल गये थे। झारखंड जंगलों एवं पहाड़ों से घिरा यह भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में अवस्थित छोटा सा राज्य है, जिसके अमर शहीदों की बलिदान की अमर गाथा इतिहास के पन्नो में ज्यादा जगह नही बना पाया है। इन्ही में से दो अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह एवं शेख भिखारी की आठ जनवरी को शहादत दिवस के इस शुभ अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु यह लेख है। आठ जनवरी 1858 को दोनों वीर सपूतों को फांसी दी गयी थी।

अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह का जन्म रांची से 25 किमी की दूरी पर स्थित ओरमांझी प्रखंड के खटंगा ग्राम में हुआ था। उनके वंशज भरत भूषण सिंह बताते है कि जब वे 22 साल के थे तब उन्हें 1858 ई को फांसी दी गयी थी। उस हिसाब से उनका जन्म 1836 ई को हुई थी। वे बंदगांव के सूर्यवंशी राजपरिवार के सदस्य थे। ये 12 गांव के जमींदार थे ये गांव थे उरवा, बनखेता, चुटुपालु,टुंडा होली,केराम, ईचादाग, बांडा, सिल्दरी, गगारी, चापावार, डहु एवम बरवे। टिकैत उमराव सिंह दो भाई थे। छोटा भाई घांसी सिंह थे। टिकैत उमराव सिंह शादी नही किये थे। छोटे भाई घांसी सिंह के वंशज आज भी खटंगा गांव में निवास करते है। घांसी सिंह को पकड़ कर अंग्रेजी हुकूमत उन्हें लोहरदग्गा जेल में डाल दिया था, जहां उनकी मृत्य हो गयी।

# 'राष्ट्रीय खादी मेले में दो करोड़ 87 लाख से अधिक की हुई बिक्री'

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव में दो करोड़ 87 लाख 83 हजार 371 रुपये की हुई बिक्री हुई है। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीइओ ने राखाल चंद्र बेसरा ने शनिवार को बताया कि पांच जनवरी 2023 तक महोत्सव में सरकारी स्टॉल, ओपन एरिया और फूड कोर्ट छोड़कर लगभग दो करोड़ 87 लाख 83 हजार 371 रुपये की बिक्री हुई है। प्रेस को संबोधित करते हुए खादी बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने बताया 28 दिसंबर को शुरू हुए राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022 -23 जो कि रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित हुआ, उसका समापन समारोह आठ जनवरी को होना है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेश बैस होंगे। समापन का समय शाम के 4:30 बजे रखा गया है।

# भारतीय एथलेटिक्स टीम में चुनी गयी रांची की सपना कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अस्ताना, कजाकिस्तान में 10-12 फरवरी तक आयोजित होने वाली 10वीं एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इसके लिए शनिवार को 26 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। जिसमें झारखंड की सपना कुमारी को भी चुना गया है। टीम में 13 पुरुष और 13 महिला खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पुरुष टीम में 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुके तजिंदर सिंह तूर और 100 मीटर हर्डल्स में नेशनल रिकॉर्डधारी ज्योति यरराजी भी शामिल हैं। एएफआइ के प्रेसिडेंट डॉ ए सुमरिवाला के मुताबिक चयनित खिलाड़ियों का सेलेक्शन 36वें नेशनल गेम्स और नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 के परफॉर्मेंश के आधार पर हुआ था। एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पिछले आयोजन में भारतीय टीम को कुल 6 मेडल मिले थे। जिसमें 4 सिल्वर और 2 कांस्य पदक थे। एशियाई एथलेटिक्स के लिए सपना कुमारी के चयन पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के मधुकांत पाठक, रांची जिला के पूर्व खेल पदाधिकारी प्रभात शंकर समेत अन्य ने शुभकामनाएं दी।

# बिरसा कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती पर जिला प्रशासन, एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में खूंटी बिरसा कॉलेज में शनिवार को युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित कर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। भाषण में तबिंदा मिशकत प्रथम, राहिल होरो को द्वितीय और सुजाता कुमारी को तृतीय स्थान मिला। निबंध में प्रथम मनोरमा टूटी, द्वितीय तबिंदा मिशकात और तृतीय स्थान राहिल होरो को मिला। इसी प्रकार पेंटिंग में प्रथम सुगंती कुमारी, द्वितीय विनीता कुमारी और तृतीय पुरस्कार सुनीता मुंडू को मिला। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके कीड़ों, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ पुष्पा सुरीन, प्रोफेसर पूनम माई तिवु, डॉ मंजूषा पूर्ति, प्रो किरण रूबी, डॉ संगीता परेशांति सांगा आदि थे।

## मामूली विवाद के बाद मुर्गा काटने वाले चाकू से हमला कर हुआ फरार

# पति ने की पत्नी की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के डमारी गांव में मामूली विवाद के बाद एक व्यक्ति द्वारा अपनी ही पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान सुनीता देवी (28) के रूप में हुई है। घटना के बाद से आरोपित फरार है। उसका नाम अशोक कुमार महतो है।

घटना के संबंध में मृतका के मामा कौशल कुमार महतो ने बताया कि अशोक और उसकी भांजी सुनीता अपने बच्चों के साथ नए घर में रहते थे। शुक्रवार की रात गांव में किसी के पास भोज खाने गए थे। वहां से वापस लौटने के बाद पत्नी (सुनीता) से किसी बात को लेकर तू-तू, मैं-मैं हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि अति क्रोध में आकर अशोक ने मुर्गा काटने वाले तेज धार हथियार से सुनीता पर कई वार हर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद उनके अपने एक बेटे राजबीर (8) और बेटी अनुष्का (4) को अपने पिता के घर पहुंचा कर बाइक से कहीं फरार हो गया। दूसरी ओर, अशोक महतो के पिता रतन लाल महतो का कहना है कि उसके बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। कुछ दिन पूर्व ही रांची के रिनपास में उसका इलाज कराया था। वह अभी कहां है इसकी भी जानकारी उन्हें नहीं है। दूसरी ओर, मृतका के स्वजनों का कहना है कि अशोक दहेज के लिए अक्सर पत्नी सुनीता पर दबाव बनाता था। कहता था कि उसके पिता की जमीन को बेच कर उसे पैसे दे। ऐसा नहीं करने पर सुनीता के साथ मारपीट भी किया करता था। उधर, हत्या की सूचना पाकर बुंडू पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही बुंडू थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए हत्या का आरोपित अशोक की तलाश में जुट गई है।

# खनन क्षेत्र में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि : अहमद

**मंगलम आफिसर्स क्लब बचरा में हुई क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक को संबोधित करते खान निदेशक।

**पिपरवार।** सीसीएल आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के बचरा स्थित मंगलम आफिर्सस क्लब में शनिवार को क्षेत्रिय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया के महाप्रबधंक अमरेश कुमार सिंह और संचालन कार्मिक प्रबधंक आलोक रंजन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे डायरेक्टर माइन्स सेफ्टी आफताब अहमद और विशिष्ट अतिथि में डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी प्रफुल्ल रंजन, एजाज मोहम्मद,शंकर सेन बेहरा, विनित चौरसिया आदि मौजूद थे।

बैठक में आम्रपाली चन्द्रगुप्त के सुरक्षा अधिकारी पवन गुप्ता ने कोल परियोजना में किये गये सुरक्षा संबंधी बातों की जानकारी दी। वहीं, बैठक को संबोधित करते हुए खान निदेशक आफताब अहमद ने कहा कि सीसीएल के सभी क्षेत्रों में प्रत्येक माह इस तरह के बैठक का आयोजन कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। साथ ही परियोजना क्षेत्र में मजदूरों को सुरक्षा के प्रति जागरूकता करने को लेकर अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि खदान क्षेत्र में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि है। जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि कोयला खदान में सुरक्षा के साथ बेहतर उत्पादन के लिए मजदूरों को प्रेरित किया जा रहा है। आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया शून्य दुर्घटना की तर्ज पर अपना काम कर रही है। वहीं, बैठक के अंत में आम्रपाली परियोजना में काम करने वाली कई महिला कामगारों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर केके पांडा, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, श्रमिक प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह, बिनोद बिहारी पासवान, नीरज सिंह, हेमंत मडंल, अजय सिंह,सुरैश पटेल, पवन गुप्ता, आलोक रंजन आदि मौजूद थे।

# लोक अदालत में करायें अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन: प्रधान जिला जज

**व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को, तैयारियों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को डालसा सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक के सभी शाख प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत और पीएलए के सदस्य शामिल हुए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रशासनिक और न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन लोक अदालत में करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि वे मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय जरूर पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि लोक अदालत को लेकर तैयारी जोरों पर है। लोक अदालत में पांच हजार से अधिक मामलों का निष्पादन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर से ही रिकॉन्सिलिएशन सेशन में आकर लोग अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हृदय व पेट संबंध रोग की जांच के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। मिलन मंदिर क्लब में गुरुकुल परिवार की शाखा गुरुकुल चिकित्सा मंच की ओर से शनिवार को नि:शुल्क हृदय रोग एवं पेट संबंधित रोगों के लिए जांच शिविर लगाया गया। शिविर जमशेदपुर की ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें डॉ प्रकाश चंचल, डॉ मुकेश कुमार, चंदन कुमार, फुलेंद्र कुमार, सरफराज अहमद, चंदन कुमार और इसरार अंसारी के साथ गुरुकुल स्कूल बुंडू के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थीं। शिविर में कुल 214 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें हृदय रोग से संबंधित 63 और पेट रोग से संबंधित 61 मरीज थे। इसके अलावा मधुमेह, ब्लड प्रेशर और इसीजी की सुविधा भी दी गई। मंच के कार्तिक प्रमाणिक ने बताया कि पांच परगना में पहली बार इस तरह का शिविर का आयोजन किया गया। भविष्य में भी दांत और हड्डी का कैंप लगाया जाएगा। उक्त शिविर में बुंडू, तमाड़, सोनाहातू, अड़की, नामकुम, सिल्ली और इचागढ़ आदि जगहों से लोग पहुंचे थे। इस अवसर पर अनूप चेल, रंजीत लहरी, कवि नायक, उज्जवल धीवर, विनय जयसवाल, पंचानन महतो और अरविंद यादव आदि उपस्थित थे।

### सोनाहातू में चलाया गया कोष संग्रह सह प्रचार अभियान



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य किसान सभा की ओर से आगामी पांच अप्रैल को किसान-मजदूर दिल्ली मार्च को लेकर शनिवार को सोनाहातु बाजार में कोष संग्रह सह प्रचार अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, प्रेम चंद पातर, उमेश महतो, रतन महतो, घुरन पातर, हृदयनाथ मुंडा, दिनेश महतो, बलराम महली, बिरसा महतो, राजेन्द्र सिंह मुंडा, मदन महतो, मनियां महतो, दिसंबर महतो, पुष्कर महतो, राजेन्द्र सिंह मुंडा, महरू महतो, जीवन महतो, महेश्वर महतो, जीवन महतो, लाल मोहन आदि थे।

### बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण

राहे (आजाद सिपाही)। बीडीओ हारून रशीद ने शनिवार को प्रखंड के होटलो पंचायत का दौरा कर योजनाओं का निरीक्षण किया। मनरेगा से बनने वाले खेल मैदान, आम बागवानी, सिंचाई कूप और प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किये। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि योजनाओं में कोताही बरतने वालों पर कर्रवाई होगी। पारदर्शिता के साथ योजनाओं को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। मौके पर सहायक अभियंता अजय कुमार व संबंधित पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोनेट बुंडू ने विवेक आनंद रांची को हरा कर फाइनल में किया प्रवेश



बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची में खेले जा रहे स्मारक गौरव सिंह अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को सोनेट बुंडू ने विवेक आनंद रांची को 20 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सोनेट बुंडू ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 172 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गयी। जिसमें आनंद कुमार ने 32 रन, अमित कुमार 25 रन और चंदन कुमार ने 20 रनों की पारी खेली। वहीं, विवेक आनंद के तरफ से मोहित और हर्षवर्धन ने 2/2 विकेट लिया। इसके बाद खेलने उतरी विवेक आनंद की टीम 20 ओवर में 152 बना ही बना सकी। इसमें सोनेट बुंडू के तरफ से परमेश्वर महतो ने 13 देकर 4 विकेट लिया एवं रयान और समीर ने 2/2 विकेट लिया।

### तमाड़ के रायडीह और कोठारी चौक में अलाव की व्यवस्था

तमाड़ (आजाद सिपाही)। बढ़ते ठंड और शीतलहरी को देखते हुए अंचल कार्यालय की ओर से रायडीह और कोठारी चौक में अलाव की व्यवस्था की गई है। रायडीह चौक, तमाड़ का प्रमुख चौक है। वहीं कोठारी चौक जहां हमेशा लोगों का जमावड़ा रहता है। अलाव की व्यवस्था से लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली है।

### बुंडू और सोनाहातू प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में घूम रहा जंगली हाथियों का झुंड, ग्रामीणों में दहशत



बुंडू/सोनाहातू (आजाद सिपाही)। बुंडू और सोनाहातू प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में 40 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड को घूमते देखा गया। रायसा नदी पुल के नीचे सुबह से हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं। जंगली हाथियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लोग मोबाइल से फोटो खींच रहे थे। वहीं, ग्रामीणों में हाथियों का आतंक सिर चढ़ कर बोल रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर आना जाना कर रहे हैं। दिन के उजाले में हाथी गांव के पास होने से अनहोनी का खतरा बना हुआ है। वन विभाग और सोनाहातू पुलिस गांव में उपस्थित हो कर हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे है। इसके पूर्व हाथियों ने शुक्रवार की रात नावागांव के किसान राखोहरी मुंडा के खलिहान में रखे धान को नष्ट कर दिया। बासुदेव मुंडा की बकरी सेड को गिरा दिया। वहीं, शिष्टिधर महतो, पितम्बर मुंडा, कामेश्वर मुंडा और रविंद्र महतो की सब्जी की फसल को नष्ट कर दिया। बुकरूडीह गांव में भी हाथियों ने उत्पात मचाया है। बतातें चलें कि हाथियों का झुंड इन दिनों में गांवों में हमला कर किसानों के खेत और उनके आवास उजाड़ रहे हैं। कुछ लोगों की जान भी ले चुके हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच प्रशासन ने की समझौता बैठक

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। बीडीओ कार्यालय सोनाहातू से प्रखंड के 125 प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को नोटिस दिया गया था। ये लाभुक आवास निर्माण की राशि मिलने के बाद भी निर्माण पूर्ण नहीं किये थे। प्रखंड परिसर में सभी लाभुकों के साथ बीडीओ सुचित्रा मिंज और थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने बैठक किया। एक-एक कर सभी से मामले की जानकारी ली। बैठक के दौरान तय हुआ कि एक सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू करें और 15 दिन में कार्य को पूर्ण करें अन्यथा सर्टीफिकेट केस कर राशि की अदायगी की जायेगा। इस मौके पर एसआई मुकेश कुमार यादव, प्रखंड समन्वयक राजीव रंजन गुप्ता, सहित प्रखंड के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत का खूंटी में स्वागत




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो और भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का स्थानीय भगत सिंह चौक के पास फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। लक्ष्मीकांत वाजपेयी गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चाईबासा जाने के क्रम में कुछ देर के लिए खूंटी में रूके थे। उन्होंने कहा कि वे बहुत जल्द खूंटी आएंगे। राज्य सरकार अपनी सोच के अनुसार कार्य कर रही है और भाजपा अपने विचार पर। उन्होंने कहा कि जनजातीय विकास की राशि से अगर गलत तरीके से कार्य किया गया है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा इसकी जांच कराई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। वे पत्रकारों के उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें जनजातीय विकास मद से जयपाल सिंह मुण्डा के पैतृक गांव टकरा और मारंगहादा क्षेत्र के विकास के लिए राशि भेजी गयी है, पर राज्य सरकार ने लगभग 10 महीने से इसे रोक रखा है। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश महतो, ग्रामीण अध्यक्ष राजेश नाग, जनार्दन मिश्रा, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, रोहित जैन, विनोद शर्मा, चेपा मुंडा, सीताराम महतो व सूरजू महतो आदि थे।

# ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छ्ता एवं पोषण दिवस पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण स्वच्छता से संबंधित मार्गदर्शिका के विषय में विस्तार से जानकारी साझा की गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पोषण और स्वास्थ्य के हित में विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और बच्चों को भी उचित पोषण, टीकाकरण के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक बैठकों में आमजनों को जागरूक करने के संबंध में बताया गया। साथ ही बच्चों का वजन, विटामिन ए की खुराक, कुपोषित बच्चों के लिए पोषाहार उपलब्ध कराने आदि को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा दंपति को परिवार नियोजन की सलाह और किशोर-किशोरियों को भी परामर्श देने के लिए विद्यालय और आंगनबाड़ी स्तर पर कार्य करने की बात कही। इस मौके पर आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं के स्तर पर आवश्यक गतिविधियों का चुनाव और महत्वपूर्ण कार्य योजना बनाने पर विचार विमर्श किया गया। पर्यवेक्षिकाओं एवं सेविकाओं के साथ वीएचएसएनडी के उद्देश्य से संबंधित चर्चा के दौरान बताया गया कि वीएचएनडी सभी वर्गों एवं संवेदनशील समुदायों को उपचारात्मक सेवाओं के प्रावधान के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करने का कार्य किया जाता है।

### बंदी को सफल बनाने के लिए मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों की सात सूत्री मांगों के समर्थन में रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा 16 जनवरी से पिपरवार क्षेत्र में अनिश्चित्कालीन बंदी की घोषणा की गई है। इसे सफल बनाने के लिए मोर्चा की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को मोर्चा द्वारा बिलारी, कीचटो, चिरैयातांड में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया एवं कीचटो अखरा में बैठक कर 16 जनवरी के बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव रामचंद्र उरांव, इदरीस अंसारी, वीरू मुंडा, तकल मुंडा, सुलेन्दर मुंडा, मंगरा मुंडा, मुनेशर महतो, संतोष मुंडा, सनोज मुंडा, मुन्नी देवी, झमनी देवी आदि थे।

# प्रजापति युवा संगठन के वनभोज सह मिलन समारोह में कई मुद्दों पर चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत स्थित दामोदर नदी में प्रजापति युवा संगठन एनके पिपरवार एरिया का वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष सिकंदर प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में खलारी-पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लोग शामिल हुए। इस समारोह में प्रजापति युवा संगठन को मजबूत बनाने, समाज के लोगों को जागरूक करने, शिक्षित करने सहित समाज से जुड़ी कई बातों पर विचार विमर्श किया गया। अंत में सभी ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन का आनंद उठाया। इस मौके पर सचिव अजय प्रजापति, राजेश प्रजापति, हेमराज प्रजापति, खजांची प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, उमेश प्रजापति, प्रेम प्रजापति, छोटू प्रजापति, सुगन प्रजापति, सुखदेव प्रजापति, महेन्द्र प्रजापति, संतोष, प्रजापति, अरुण प्रजापति, अजित प्रजापति आदि मौजूद थे।

## खूंटी प्रेस क्लब ने रानी फॉल में किया परिचर्चा सह वनभोज का आयोजन

# जिले के विकास में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** खूंटी प्रेस क्लब के तत्वावधान में शनिवार को प्रसिद्ध पर्यटनस्थल रानी फॉल में परिचर्चा सह वन भोज का आयोलजन किया गया। जिसमें डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान सहित कई प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डीसी ने खूटी प्रेस क्लब के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने खूंटी प्रेस क्लब के सभी प्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहा और उन्हें इसी प्रकार ऊजार्वान और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया। वहीं जिले के पत्रकारों ने डीसी को सौंपा मांग पत्र सौंपकर प्रेस क्लब भवन के निर्माण की मांग की। क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने कहा कि प्रेस जिले के सभी विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। विकास में इसकी भी अहम भूमिका है और भविष्य में सभी कार्यों के सुचारू संचालन को लेकर खूंटी प्रेस क्लब भवन स्थापित किया जाना चाहिए। इस पर डीसी ने कहा कि जिले के समग्र विकास में पत्रकारों का निरंतर प्रयत्नशील रहना सराहनीय है। कहा कि कोरोना काल में आपदा की विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारों ने अपनी जिम्मेदारियों का दृढ़तापूर्वक निर्वाहन किया है। उन्होंने कहा कि आमजनों की समास्याओं को सामने लाने में सबसे सशक्त माध्यम प्रेस है। मीडिया को आज ज्ञान का एक शक्तिशाली स्रोत माना जाता है। समाज में व्याप्त कुरीतियों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित कर एक समाज सुधारक के रूप में मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि सभी कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम प्रेस है। उन्होंने सभी प्रेस प्रतिनिधियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। आशा है कि प्रगतिशील कार्यों में प्रशासन के साथ प्रेस का अपेक्षित सहयोग मिलेगा, जिससे खूंटी जिला विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव कुमार सौरव ने किया। मौके पर अनिल मिश्रा, चंद्रशेखर चौधरी, प्रेम तिवारी, सतीश शर्मा,चंदन कुमार, राहुल मिश्रा, राज कुमार गुप्ता, सुनील सोनी, मधुसूदन जासवाल, आशीष केसरी, राज किशोर, अशोक शर्मा, दुर्गा बड़ाईक, नवीन कुमार, बंटी, कृष्णा सिंह, पंकज कुमार के अलावा जिला सांसद प्रतिनिध्णि मनोज कुमार, समाजसेवी दिलीप मिश्रा, कांग्रेस के जिलाध्यख रवि मिश्रा, ओपी मिश्रा, भोलानंद तिवारी, कृष्णानंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**इटकी।** इटकी के स्वास्थ्य केंद्र में दो दिनों के अंदर गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्वास्थ्य सचिव को दिया है। इस संबंध में विधायक तिर्की ने शनिवार को केंद्र का औचक निरीक्षण के बाद मोबाइल फोन से बात कर स्वास्थ सचिव को उक्त निर्देश दिया। इससे पूर्व विधायक तिर्की ने केंद्र में पदस्थापित एकमात्र चिकित्सक डॉ अर्चना प्रिया के गलत व्यवहार को लेकर कड़ी फटकार लगायी व बैठक से बाहर चले जाने को कहा। बैठक के दौरान उपस्थित प्रखंड की प्रभारी चिकित्सक डॉ सुमित्रा कुमारी ने केंद्र में आवश्यक दवा उपलब्ध कराने व सप्ताह में चार दिन चिकित्सक की उपस्थिति अनिवार्य रूप से किये जाने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान केंद्र में चिकित्सक की कमी के अलावा बिजली व पानी की व्यवस्था नहीं रहने की शिकायत विधायक से की गयी। विधायक के साथ स्वास्थ्य केंद्र की बीपीएम अमिता लाल, मुखिया रमेश महली, निर्मला भेंगरा, रीता देवी,लखन उरांव,अबू माज, अबरार इमाम, बलराम गोप, श्वेता मिंज, हाजी अली हसन, अब्बास अंसारी व अजय गोप सहित अन्य शामिल थे।

## बीएड के छात्रों ने किया सरस मेला का भ्रमण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची के बीएड के छात्रों के एक दल ने शनिवार को सरस मेला मोराबादी का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने मेला परिसर में संचालित झारखण्ड की संस्कृति, पारंपरिक फसल उत्पाद, पारंपरिक फुड, स्वदेशी वस्त्र सहित अन्य स्टॉलों का अवलोकन किया तथा झारखण्ड की धरोहरों से रूबरू हुए। भ्रमण में डॉ रमन झा, समीर चौधरी, डॉ माधव सिंह, डॉ रितेश महतो, डॉ मजरूल हक, डॉ ओमप्रकाश तिवारी, राकेश कुमार, पंकज कुमार आदि शिक्षकगण शामिल थे।

## खिजरी विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप की पहल पर राजाडेरा सरना टोली में 63 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इसका उदघाटन शनिवार को विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, मुखिया सीमा देवी एवं वन विभाग के विधायक प्रतिनिधि सिद्दिक अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मालूम हो कि यहां का बिजली ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने की वजह से पिछले एक माह से क्षेत्र के लोग अंधकार में थे। इसकी सूचना पाते ही विधायक राजेश कच्छप ने विभागीय अधिकारियों से बातचीत की तथा यहां तुरंत नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित कराया। मौके पर कांग्रेस महिला अध्यक्ष सरिता देवी, एतवा उरांव, खीरू उरांव, पंसस जानकी देवी, मोतीराम मुण्डा, शिवदास गोस्वामी, धर्मनाथ पहान, अभिराम मुण्डा, उज्यस टोप्पो, मनीष महतो, भेडिक कच्छप आदि मौजूद थे।

## अनियमितता की शिकायत पर कनीय अभियंता ने किया सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी रेलवे स्टेशन से टुरगुरु तक सड़क मरम्मती कार्य में अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आने के बाद शनिवार को ग्रामीण विकास विभाग के कनीय अभियंता विजय राम ने योजना स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के आरोप पर संज्ञान लेते हुए संबंधित संवेदक को पिच पर बिछाए गये बोल्डर को तुरंत हटाकर और पिच उखाड़ साफ सफाई कर नियम संगत कार्य करने का दिशा निर्देश दिया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इटकी रेलवे स्टेशन से टुरगुरु तक सड़क मरम्मती कार्य करीब 40 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने शुक्रवार को निर्माण कार्य बंद कर दिया था।

## आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में शनिवार को स्वेटर वितरण का कार्य शुरू किया गया। एकता नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत की मुखिया निर्मला भेंगरा ने स्वेटर वितरण कार्य की शुरुआत की। मौके पर मुखिया भेंगरा ने बच्चों को ठंड से बचने व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बातें कही। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका प्रमिला सिन्हा, परवेज आलम, बीके सिन्हा व हुस्न आरा सहित अन्य शामिल थे।

## छह के विरुद्ध बिजली चोरी का मामला दर्ज

**इटकी (आजाद सिपाही)।** बिजली चोरी के विरुद्ध विभागीय अभियता द्वारा शनिवार को चलाये गये छापामारी अभियान में छह लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते पाया गया। इन सबों के विरुद्ध अर्थदंड लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इसमें महुआ टिकरा के सुनील भगत पर 21,594 रु., परवेज अंसारी पर 32,236 रु., महमूद अंसारी पर 20,843 रु., हरिभगत महतो पर 21,021 रु., एकता नगर के मो. साबिर पर 28,974 रु. व गुलजार रोड के अब्दुल मजीद पर 29,482 रु. जुर्माना लगाया गया है।

## सीइओ ने की वाइबीएन विश्वविद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शीर्ष प्रबंधन के निर्देशानुसार शनिवार को वाईबीएन विश्वविद्यालय रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल और एडमिन ब्लॉक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से यूनिवर्सिटी के डीएन, प्रिंसिपल और एचओडी मौजूद थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। जिसमें मुख्य मुद्दे साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट, अगले सप्ताह की प्रस्तावित योजना, प्रबंधन से अपेक्षा, प्रबंधन को सुझाव, पिछले सप्ताह संबंधित स्कूल की बैठक रिपोर्ट, एनएएसी की प्रगति और हुये कार्यों की समीक्षा, एनईपी 20-20 को इस वर्ष 2023 से लागू करने पर जोर, सभी डीन और प्राचार्य को स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम करवाने को कहा गया। सभी विभागों के रिपोर्ट से मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संतुष्टि जाहिर की और सभी नव नियुक्त कर्मचारियों/पदाधिकारियों को ई०एस०आई०सी एवं भविष्य निधि में सम्मलित होने के लिये कुलसचिव एवं उपकुलसचिव को दिशा निर्देश जारी किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रो. डॉ. एसपी यादव, कुलसचिव प्रो. डॉ. श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा एवं विवि के डीन, प्रिंसिपल और एचओडी मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** बेड़ो के घाघरा सिंगार सरई में जलमीनार का शिलान्यास, शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा

# गांव में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना पहली प्राथमिकता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के घाघरा पंचायत के सिंगार सरई गांव में मस्जिद के समीप शनिवार को 15वें वित्त आयोग निधि से बनने वाले जलमीनार निर्माण का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की जिप सदस्य बेरोनिका एक्का व मुखिया रमेश उरांव ने नारियल फोड़ कर किया।

मौके पर विधायक ने कहा गांव में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा गांव की हर बुनयादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किया जा रहा है। गांव के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। जलमीनार का निर्माण हो जाने से इस टोला के लोगों को दूसरे टोला से पेयजल के लिए जाना नहीं पड़ेगा। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार का निर्माण हो जाने से काफी सुविधा होगी। इस टोला में



पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण टोला के लोग दूर जाकर पानी लाते हैं। मौके पर करमा उरांव, संजय उरांव, मीर मुस्लिम, अयूब मल्लिक मोजिबुल ओहदार, तनवीर आलम, बबलू खान,जफर खान, इरफान खान, मंजिल शेख, राम सेवक बड़ाईक, मनोज बड़ाईक सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया विद्यालय का निरीक्षण



मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोसई आश्रम प्लस टू उच्च विद्यालय और कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और कल्याण विभाग के डायरेक्टर सुधीर बाड़ा ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने विद्यालय के मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई सवाल खड़े किये। साथ ही उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का हॉस्टल बहुत ही जर्जर स्थिति में है। यहां गरीब बच्चे रहकर पढ़ाई करते हैं। विद्यार्थियों को मिलने वाली जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यह काफी दुखद है। मैं भविष्य में देश के इन कर्णधारों के साथ होने वाले किसी समस्याओं का हल हर हाल में तुरंत चाहती हूं। विधायक ने कल्याण विभाग के सचिव से संपर्क करके विद्यालय से संबंधित पूरी जानकारी हासिल की। साथ ही छात्रावास निर्माण कराने को लेकर जल्दी कदम उठाने के लिए कहा। मौके पर स्कूल के प्राचार्या अनिता कुमारी, अब्दुल मतीन, विनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# केंद्र की योजनाओं को जन जन पहुंचाने के लिए सक्रियता जरूरी है : अनिल टाइगर

**भाजपा मंडल ओरमांझी कार्य समिति की बैठक आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** भाजपा मंडल ओरमांझी कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर स्थित सभागार में की गई। मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रभारी अनिल टाइगर, प्रभारी कमलेश राम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी झारखंड किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण,



जनसंघी वरिष्ठ कार्यकर्ता बालक पाहन, दुर्गा शंकर साहू आदि मंचासीन थे।

प्रभारी अनिल टाइगर ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन स्तर पर पहुंचाने के लिए हर जगह समान विचारधारा के लोगों की सक्रियता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक है। कहा कि भाजपा ओरमांझी मंडल लंबे काल से ही काफी मजबूत है, जिसका सारा श्रेय यहां के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को ही जाता है। भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी ने कहा भाजपा देश में राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। उनकी मेहनत और गरिमा को बनाए रखने के लिए हमें अपनी सक्रियता बनाए रखनी होगा। भाजपा रांची ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही ने बूथ अध्यक्ष को अपने पन्ना प्रमुख के वोटरों के साथ बैठक कर संपर्क बनाये रखने को कहा।

बैठक में मुख्य रूप से मानकी राजेंद्र साही, पूर्व प्रमुख चंपा देवी जी, राजधाम साहू, गणेश किशो साहू, राजकिशोर साहू, भानु प्रताप महतो, दुर्गा संकर साहू, कालेश्वर महतो, बिरजू महतो दीपक बड़ाइक, निलमोहन पहान, अशोक पहान, सोनाराम मुंडा चंद्रमोहन महतो, उलाश महतो, भीम मुंडा, राजेश गुप्ता, चतुर साहू, शंकर महतो, सिकेंद्र महतो, कृष्ण कुमार लक्ष्मण साहू, रामलखन महतो, धनंजय महतो, आनंद महतो, शशि मेहता, रीता देवी, कलावती देवी, दीपा चौरसिया, किरण देवी, आनद महतो, कैलाश पहान, गाबेश्वर महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संगठन मजबूत करने के साथ बूथ को मजबूत करना होगा : अशोक मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** भाजपा खिजरी मंडल कार्यसमिति की बैठक शनिवार को टाटा रोड सिदरौल स्थित श्री दुर्गा साहू रायल बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ बूथ को सशक्त करने की बात कही और आगामी 2024 में होने वाले चुनाव का शंखनाद किया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि कार्यकर्ता



एकजुट होकर काम करें और शक्ति केंद्र पर जाकर कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाये।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी मुक्तिनाथ मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, अनिरुद्ध पाण्डेय, राजू नायक, शंकर सिंह मुंडा, विजेंद्र राय, गोरखनाथ सिंह, रमेश लकड़ा, तुलसी गोप, सोहराई पाहन, राजू कुमार, संजय सिंह, दिलीप सिग्रीवाल, धन सिंह मुंडा, विक्रम राय, समीर राय, मोंगो भगत, प्रज्ञा भारती, शिल्पी शालिनी, पुष्पा चौधरी, निर्मला सिंह, उर्मिला देवी, राजेश टोप्पो, राजू लकड़ा, बिरसा पाहन, मनोज सिंह, देवदीप सिंह, डॉ विनोद सिंह, नरेश साहू, दिलीप साहू, अरविंद सिंह, दुर्गा साहू, सुरेश महतो, जयंती देवी, अरविंद कुमार, सरोज राय, सहदेव सिंह, अंजलि लकड़ा, अरूण कोरियार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खेलकूद :** स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का समापन

# बड़ाम टीम बनी सद्भावना चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट की विजेता

**बड़ाम के खिलाड़ी विशाल गाड़ी बने टूर्नामेंट के मैन आफ द सीरीज**

**फाइनल के मैन आफ द मैच बने नामकुम के खिलाड़ी डूल्लू सोरेन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित 9वीं सद्भावना चैंपियन ट्राफी फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत शनिवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के फुटबॉल मैदान में खेले गए फाइनल मैच के बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में फोर एस बड़ाम एफसी की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में सावना लकड़ा एफसी नामकुम को 5-4 से हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। खेल के पहले हाफ में बड़ाम की ओर से विशाल गाड़ी ने 19वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। आक्रामक और तेज



## विजेता व उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित

आयोजन समिति की ओर से अतिथियों ने पुरस्कार के रूप में विजेता टीम बड़ाम को डेढ़ लाख रुपये नगद राशि के अलावा बड़ा ट्राफी व उपविजेता नामकुम की टीम को एक लाख नगद राशि व छोटा ट्राफी दिया। सेमीफइनल में पहुंची हुलहुंडू एफसी और जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम को 20-20 हजार रुपये की नगद राशि, नामकुम के खिलाड़ी विशाल गाड़ी को मैन आफ द सीरीज के रूप में एलईडी टीवी व फाइनल मैच के मैन आफ द मैच का पुरस्कार नामकुम के खिलाड़ी डूल्लु सोरेन, बेस्ट गोलकीपर बड़ाम के रौशन बिन्हा, बेस्ट डिफेंडर नामकुम के रंगलाल मुर्मू और बेस्ट स्कोरर बड़ाम के विशाल गाड़ी को पुरस्कृत किया। फाइनल मैच की सफलता में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारूक खान, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, पवन महतो, अशोक रजवार, बलराम कुमार साहू, जगदीश रजवार, गोपाल महतो, चिंता साहू, जोतिलाल रजवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

खेल का प्रदर्शन करते हुए नामकुम की टीम के फुलचंद कुमार ने 28वें मिनट में दागे। शानदार गोल की बदौलत मैच को 1-1 गोल से बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक मैच 1-1 गोल से बराबरी पर रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। पेनाल्टी शूटआउट में बड़ाम ने नामकुम को 5 - 4 से हराया।

इस से पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ मैच के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर व विशिष्ट अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सह आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा और अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संजय कुमार महतो, नीरज साहू,मदन महतो, प्रीति दिवान, रौशनी खलखो, हयात अंसारी,राजेंद्र शाही मुंडा, रामानंद बेदिया, चमरू बेदिया, अरुण कुमार सिंह, अजगुत लोहरा,राजेंद्र बेदिया उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## मध्य विद्यालय चकला के शिक्षकों ने एडमिशन को लेकर चलाया डोर टू डोर अभियान



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य कुमारी किरण माला एवं शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक के नेतृत्व में विद्यालय के पोषक क्षेत्र चकला गांव के विभिन्न टोलों में डोर टू डोर सघन अभियान चलाया गया। अभिभावकों से मिलकर अपील करते हुए विद्यालय के प्राचार्य कुमारी किरण माला एवं शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। इस दौरान जो बच्चे अनुपस्थित थे और घर में खेलते हुए देखा गया उन बच्चों को तैयार कराकर अपने साथ विद्यालय लाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, निर्मला कुजूर, मो. मुस्तफा अंसारी, अनुपा शैलबाला कुजूर, संगीता कुमारी, सुषमा कुमारी, बाल संसद के मंत्री गण सहित कई लोग शामिल थे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय पांडेय को दी बधाई



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय पांडेय को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बनने पर और उनके जन्मदिवस पर इन्हें जाकर बधाई दी। इनका माल्यार्पण कर और बुके देकर इनका स्वागत भी किया कहा कि इनके महासचिव बनने से झारखंड राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं संगठन भी मजबूत होगा। क्योंकि संजय पांडेय मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति हैं। इन्हें बधाई देने वालों में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव महेश कुमार मनीष, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मदन कुमार महतो, रांची जिला आदिवासी कांग्रेस के छोटू मुंडा, कांके प्रखंड युवा कांग्रेस के बबुआ मुंडा सहित कई लोग शामिल थे।

## झारखंड अधिवक्ता मंच ने न्याय शुल्क में वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्शन



**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिवक्ता मंच रांची, झारखंड, केंद्रीय समिति के तत्वधान में झारखंड सरकार द्वारा न्यायिक शुल्क में अनुचित विधि के विरोध में आज झारखंड की राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर एक विरोध प्रदर्शन किया गया न्याय शुल्क में वृद्धि के विरोध का नेतृत्व करते हुए मंच के केंद्रीय अध्यक्ष श्री रविंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड की अत्यंत गरीब जनता, वर्तमान सरकार द्वारा न्याय शुल्क मे अत्यंत वृद्धि से त्रस्त होकर न्याय की आशा छोड़ चुकी है वर्तमान सरकार को अविलंब बढ़े हुए न्याय शुल्क वापस लेने चाहिए आज के इस विरोध प्रदर्शन में झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष श्री रविंद्र कुमार के अलावे अधिवक्ता श्री सतीश कुमार श्री इंद्र भूषण कुमार,श्री सौरभ पांडे, रोहन ठाकुर, अनूप कुमार, श्री शंकर शर्मा, भूषण कुमार, श्री प्रशांत कुशवाहा, कौशिकी गिरी बालेश्वर ठाकुर सुशील सचिन कुमार आस्था जैन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## रातू प्रखंड झामुमो ने गरीबों के बीच बांटे कंबल




**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रातू प्रखंड समिति के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के अध्यक्षता में शनिवार को फुटकलटोली के न्यू जामिया नगर मदरसा चौक में गरीब, बूढ़े बुजुर्ग और विधवा, वृद्ध महिलाओ के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमरुल हक, झारखंड आंदोलनकारी व झामुमो के वरिष्ठ नेता समीम मंसूरी, संगठन सचिव सैयद फिरोजी, समाजसेवी फरीद अंसारी, बाजपुर पंचायत अध्यक्ष सुभान राय, रातू पूर्वी पंचायत अध्यक्ष राजन उर्फ छोटू साहू, रातू उत्तरी पंचायत अध्यक्ष अमन साहू और न्यू जामिया नगर के सदर एहतेशाम अंसारी के अलावा एहसान अंसारी, वसीम अंसारी, सुभान अंसारी, आशिक अंसारी, एहसान अंसारी, वरुण महतो, महावीर महतो, अशफाक अंसारी, पप्पू खान सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रामपुर पंचायत में 15वें वित्त आयोग योजना मद से बन रही पेबर ब्लॉक रोड का शिलान्यास

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम जरेया में शनिवार को 15वें वित्त आयोग योजना मद से फेबर ब्लॉक रोड निर्माण का शिलान्यास रामपुर मुखिया सरस्वती देवी ने फीता काटकर वार्ड सदस्य तुलसी मुंडा, बुटा पाहन, नोमी देवी, महादेव मुंडा एवं ग्रामीणों के उपस्थिति में किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि आज विकास के लिये आपलोगों के बीच आपकी मुखिया सेवा के लिये तत्पर है। कहा कि इस क्षेत्र की जो भी समस्या जैसे बिजली, शिक्षा, पानी, सड़क इन सभी समस्या के लिये प्रयासरत रही हूं और आगे भी रहूंगी। वहीं, पूर्व मुखिया महादेव मुंडा ने कहा कि मुखिया ने अपने कार्य क्षेत्र में हरसंभव प्रयास कर छोटी से बड़ी सड़को का निर्माण करवाने का प्रयास किया है।

## नगड़ी पुलिस ने छापामारी कर नकली चटोरी नामक नमकीन स्नैक्स की 25 कार्टून जब्त किया



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र लालगुटवा मोड़ स्थित सावरिया नामक फैक्ट्री में नगड़ी पुलिस ने छापामारी कर नकली चटोरी नामक नमकीन स्नैक्स की 25 कार्टून और एक बेड रोल खाली रैपर जब्त कर लिया। इस संबंध में कोलकाता की एक कंपनी ईशान स्नैक्स एंड नमकीन प्राइवेट लिमिटेड के अनुसंधानकर्ता पंकज श्रीवास्तव ने नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि नगड़ी के लालगुटवा स्थित सावरिया नामक नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री द्वारा उनके स्नैक्स का प्रमुख उत्पाद चटोरी की नकली पैकेट बनाकर बाजार में बेचा जा रहा था। नकली सामान जब्त करने के बाद पुलिस अब आगे की कार्रवाई करेगी।

